हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 06 | देहरादून, मंगलवार, 21 जून, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



थैंक यू डीएम डॉ आर. राजेश कुमार बाल शर्म पर किया बड़ा प्रहार 4

# अग्निपथ योजना पर सीएम धामी ने पूर्व सैनिकों के साथ किया संवाद

## मुख्यमंत्री की पहल पर किया गया संवाद कार्यक्रम आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर अग्निपथ योजना के संबंध में पूर्व सैनिकों के साथ विचार विमर्श का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह संवाद कार्यक्रम सीएम कैंप कार्यालय के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। गौरतलब है कि उत्तराखंड पहला राज्य है जहां अग्निपथ योजना पर पूर्व सैनिकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**उत्तराखंड पहला राज्य, जहां अग्निपथ योजना पर पूर्व सैनिकों से किया गया विचार विमर्श राज्य सरकार अग्निवीरों को विभिन्न योजनाओं से पहुंचाएगी लाभ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ ही वीर भूमि और सैन्य भूमि भी है। उत्तराखंड के युवाओं में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी है। अधिकांश युवाओं ने अग्निपथ योजना का स्वागत किया है। हमारा दायित्व है कि हम अपने युवाओं को अग्निपथ योजना के सही तथ्यों के बारे में अवगत कराएं। इसे लेकर युवा भ्रमित न हों।

**प्रधानमंत्री जी का हर निर्णय देशहित में**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पूरा जीवन देशहित को समर्पित है। उन्होंने अभी तक जो भी निर्णय लिये, देशहित में लिये। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का कल्याण उनकी प्राथमिकता है। लम्बे समय तक लंबित वन रैंक वन पेंशन के संबंध में उनके द्वारा ही निर्णय लिया गया। सियाचिन में तैनात सैनिकों के उच्च स्तरीय उपकरण, आदि की उन्होंने व्यवस्था कराई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निपथ योजना भी देशहित में लाई गई है। चयनित अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत तो नियमित किये ही जाएंगे, बाकी 75 प्रतिशत के लिये भी विभिन्न अर्धसैनिक बलों, राज्यों के पुलिस बलों व अन्य संस्थानों में व्यवस्था की जा रही है। सेना के अनुशासन में प्रशिक्षित अग्निवीर को सभी जगह निश्चित तौर पर प्राथमिकता मिलेगी। सेना से आने पर उसके पास इतनी जमा राशि हो जाएगी कि वह अपना स्वयं का व्यवसाय भी प्रारम्भ कर सकता है। या फिर उच्च स्तरीय अध्ययन भी कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्नि वीरों को आकर्षक वेतन पैकेज के साथ ही रिस्क व हार्डशिप एलाउंस भी दिये जाएंगे। चार साल की अवधि के बाद पारदर्शी तरीके से 25 प्रतिशत नियमित सेवा में जाएंगे। जबकि शेष 75 प्रतिशत को वन टाइम सेवा निधि पैकेज दिया जाएगा। इस वर्ष 46 हजार अग्निवीर भर्ती किये जाएंगे। इससे सेना की यंग प्रोफाइल होगी जिससे भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सकेगा।

**■ राज्य पुलिस बलों में भर्ती में प्राथमिकता के साथ हॉर्टीकल्चर से भी जोड़ने पर बनेगी रूपरेखा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन की समस्या है। यहां हॉर्टिकल्चर में व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार हॉर्टिकल्चर में अग्नि वीरों को प्रोत्साहित करने के लिये योजना की रूपरेखा तैयार करेगी। राज्य पुलिस बलों में प्राथमिकता की बात पहले ही कही जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे एक सैनिक के पुत्र है। सेना से उनका स्वाभाविक लगाव है। सैनिकों व पूर्व सैनिकों के बीच आकर ऐसा लगता है जैसे अपने अभिभावकों के बीच आ गए हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के मंथन से अमृत निकलेगा। जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन्हें संकलित किया जाएगा। राज्य स्तर की बात होने पर अग्निवीरों के हित में राज्य सरकार के स्तर से कार्यवाही की जाएगी जबकि केंद्र स्तर से संबंधित सुझावों को केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय को प्रेरित किया जाएगा।

**युवाओं को भ्रम से बचाने के लिये सही जानकारी पहुंचाना जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने युवाओं को सही दिशा दिखाने की जरूरत है। उन्हें भ्रमित होने से बचाने के लिये अग्निपथ योजना की सही जानकारी उन तक पहुंचती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कर्मयोगी हैं। पूरा देश उनका परिवार है। उनके नेतृत्व में देश गौरवशाली, वैभवशाली और शक्तिशाली बन रहा है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में सेना में शामिल होने की परम्परा रही है। यहां योजना का सामान्यतः स्वागत किया गया है। अग्निपथ योजना से उत्तराखंड के युवा लाभान्वित होंगे। अग्निवीरों के लिये विभिन्न योजनाओं में क्या किया सकता है, इस पर राज्य सरकार गंभीरता से विचार कर रही है।कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार, मेजर जनरल मोहन लाल असवाल, मेजर जनरल एस सब्बरवाल, विशेष प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री दीपेंद्र चौधरी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी, एसएसपी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रत्येक जिले से उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अग्निपथ योजना को देशहित में सेना को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण योजना बताया। उन्होंने इस संबंध में अपने सुझाव भी दिये।

# अग्निपथ योजना के विरोध के चलते दून से आने और जाने वाली 2 ट्रेनें रद्द

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




अग्निपथ योजना के विरोध के चलते देहरादून से आने और जाने वाली 2 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं. देहरादून से दिल्ली जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को आज रद्द किया गया है. वहीं, हावड़ा से देहरादून आने वाली उपासना एक्सप्रेस भी विरोध प्रदर्शन के चलते संचालित नहीं हो सकी है. रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, संभवतः गोरखपुर-मुजफ्फराबाद से देहरादून आने वाली ट्रेन भी रद्द हो सकती है. हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

देहरादून रेलवे स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा के मुताबिक, अग्निपथ योजना के विरोध में हो रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए रेलवे स्टेशन में आरपीएफ और जीआरपी के पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं. किसी भी तरह के अराजक और उपद्रवी लोग स्टेशन के आसपास ना आ सके इसके लिए विशेष नजर रखी गई. यात्रियों और रेलवे संपत्ति को किसी तरह का कोई नुकसान ना हो इसको लेकर उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से रेलवे की जीआरपी और आरपीएफ की टुकड़ियां लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था बना रही हैं.अग्निपथ योजना के विरोध में आज भारत बंद का आह्वान किया गया था, लेकिन उधम सिंह नगर में आह्वान का असर नहीं दिखाई दिया. सुबह से ही रोडवेज और रेलवे स्टेशन समेत मुख्य चौराहों पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा. हालांकि, राजनीतिक पार्टी ने विरोध में राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा. वहीं, अग्निपथ योजना के विरोध में भारत बंद के आह्वान को लेकर देहरादून जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेट और सहायकों की तैनाती की है.बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से लॉन्च की गई अग्निपथ योजना का पूरे देश में कड़ा विरोध देखने को मिल रहा है. उत्तराखंड में भी इस योजना को लेकर युवाओं में गुस्सा देखा गया. हल्द्वानी और देहरादून में लगातार इस योजना को लेकर युवा सड़कों पर उतर रहे हैं. हल्द्वानी में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा था. अग्निपथ योजना पर सीएम धामी कह चुके हैं कि इस योजना के माध्यम से लाखों बच्चों को रोजगार देना है. साथ कहा था कि सेना में 4 साल की नौकरी करने के बाद जो 75 फीसदी जवान रिटायर होंगे उन्हें हम उत्तराखंड की सेवाओं में लेंगे.

# प्रदेश में बीते 24 घंटे में मिले 19 नए संक्रमित, 160 सक्रिय मरीजों का चल रहा इलाज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



प्रदेश में बीते 24 घंटे के भीतर 19 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। पांच मरीज ठीक हुए हैं। 160 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। इससे पहले शनिवार को प्रदेश में 30 नए कोरोना संक्रमित मिले थे। जबकि 17 मरीज ठीक हुए। देहरादून जिले में संक्रमित मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं।

रविवार को 644 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। देहरादून जिले में 11, नैनीताल में तीन, हरिद्वार में दो, अल्मोड़ा, पौड़ी और ऊधमसिंह नगर जिले में एक-एक संक्रमित मिला है। कोरोना मरीजों की कोई मौत नहीं हुई है। पांच मरीजों ने संक्रमण को मात दी है। इससे पहले शनिवार को प्रदेश में 30 नए कोरोना संक्रमित मिले थे। जबकि 17 मरीज ठीक हुए हैं।

देहरादून जिले में फिर से संक्रमित मामले बढ़ रहे हैं। सैंपल जांच के आधार पर प्रदेश में संक्रमण दर 1.93 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शनिवार को 1553 सैंपलों की जांच की गई थी। इसमें 1523 सैंपल निगेटिव मिले थे। पांच जिलों में 30 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए थे। देहरादून जिले में सबसे अधिक संक्रमित मामले सामने आ रहे हैं। देहरादून में 18, उत्तरकाशी में पांच, हरिद्वार में चार, नैनीताल में दो, टिहरी जिले में एक संक्रमित मिले थे। संक्रमितों की तुलना में 17 मरीज ठीक हुई है।

# सड़क पर उतरी उत्तराखंड सरकार जनता को दिया जागरूकता का संदेश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर ₹रन फॉर योग₹ कार्यक्रम के तहत घंटाघर से एम०के०पी० चौक तक आयोजित दौड़ में शामिल होकर योग के प्रति युवाओं एवं जनता को जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में योग को मान्यता दिलवाई। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मना रही है, साथ ही संस्कृति, धर्म, भारत की परम्पराओं के संरक्षण का कार्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योग आसनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। साथ ही योग से शरीर, विचार हमेशा स्वस्थ सकारात्मक रहते हैं उन्होंने कहां दौड़ की अगुवाई कर रहे एनसीसी युवाओं को देख उन्हें अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाए जाने का सभी से आग्रह किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून शहर देश के प्रमुख शहरों में से एक है इसकी स्वच्छता से हम पूरे देश में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संकेत दे सकते हैं। उन्होंने कहा क्लीन सिटी ग्रीन सिटी यह मेरा ड्रीम सिटी के साथ आप सभी जुड़े एवं अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाएं, इस दौरान उन्होंने स्वच्छता को सहभागिता से किया जाने वाला कार्य बताया।

उन्होंने कहा हम इकोलॉजी एंड इकोनामी में समन्वय बनाकर देहरादून शहर का विकास करेंगे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य विकास के नए आयामों को छू रहा है। उन्होंने कहा आज केदारनाथ का प्रांगण ने दिव्य भव्य और नया रूप ले लिया है इसके साथ ही बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने आने वाले 25 वर्ष को उत्तराखंड को प्रत्येक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने, एवं आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाए जाने की बात कही।इस दौरान मेयर सुनील उनियाल गामा , विधायक खजान दास, विधायक श्री विनोद चमोली, डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार, सचिव डॉ पंकज कुमार पांडेय एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



# आवास प्लस सूची में चिन्हित 46677 परिवारों के लिए मांगे पक्के मकान : मंत्री गणेश जोशी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

केंद्रीय ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह इन दिनों उत्तराखण्ड राज्य के दौरे पर हैं। सूबे के ग्राम्य विकास एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा केन्द्रीय मंत्री के सम्मान में कल अपने शिविर कार्यालय में नाश्ते का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तथा देहरादून जनपद के समस्त मा0 विधायगणों को भी आमंत्रित किया गया। इस दौरान गणेश जोशी द्वारा राज्य के लिए 15000 पक्के आवास आवंटन संबंधी मांग पत्र भी केंद्रीय ग्राम्य विकास मंत्री को सौंपा।

उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव में जारी किए गए दृष्टिपत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध करवाने का वादा किया गया है। इस क्रम में राज्य की आवास प्लस सूची में चिन्हित अवशेष 46,677 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से लाभान्वित किए जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य को वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कम से कम 15000 आवास निर्माण का लक्ष्य प्रदान किया जाए। इस पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा राज्य को हर संभव सहयोग का वादा किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जैसे देवभूमि की शान कहे जाने वाले केदारनाथ धाम का कायकल्प कर रही है उसी तरह पूरे उत्तराखण्ड को संवारने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी बताया कि इससे पूर्व राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की सड़कों से जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के मानकों को उत्तराखण्ड जैसे पहाड़ी राज्य के लिए शिथिल करते हुए राज्य में 250 जनसंख्या से 150 जनसंख्या वाली बसावटों को योजना में सम्मिलित किए जाने की मांग पहले ही की जा चुकी है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूरी, रामपुर विधायक विनोद चमोली, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, राजपुर विधायक खजान दास, रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ, कैंट विधायक सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा, जिलाध्यक्ष शमशेर पुण्डीर, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, मंजीत रावत, सुरेन्द्र राणा, पार्षद भुपेन्द्र कठैत, सत्येन्द्र नाथ, चुन्नी लाल, संजय नौटियाल, नंनदनी शर्मा, योगेश घाघट और कमल थापा, आएस परिहार, निरंजन डोभाल, अतुल गोयल आदि उपस्थित रहे।



उत्तराखण्ड शासन

आइये योग को बनाएं अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग

आज़ादी का अमृत महोत्सव



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून, 2022 (मंगलवार)

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**दिनांक:** 21 जून, 2022 । **समय:** प्रातः 6.30 बजे
**स्थान:** परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश, उत्तराखण्ड

## मुख्य अतिथि
## पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**योग गुरु**
**स्वामी चिदानन्द सरस्वती** परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश

"योग हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ जीवन में सन्तुलन बनाये रखने के लिए भी प्रेरित करता है। योग न केवल मनुष्य की मानसिक व शारीरिक शक्ति में वृद्धि करता है बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा को भी बढ़ाता है। यदि शरीर व मन स्वस्थ नहीं है तो जीवन में किसी भी लक्ष्य को पाना असम्भव है। योग करने से मन और शरीर दोनों स्वस्थ होते हैं।

आइये, हम सब मिलकर अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन योग को सम्मिलित करें और नियमपूर्वक योग करने का विकल्प रहित संकल्प लें जिससे एक स्वस्थ राज्य तथा एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सकें।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



राज्यस्तरीय मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त जनपदों में भी 75 चयनित स्थलों पर 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिनका विवरण आप QR Code स्कैन करके प्राप्त कर सकते हैं।

इस QR Code को स्कैन करके आप अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख सकते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी। | www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK

# थैंक यू डीएम डॉ आर. राजेश कुमार बाल शर्म पर किया बड़ा प्रहार





आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

डीएम हो तो ऐसा जैसा धामी सरकार में देहरादून के जिलाधिकारी अपनी संवेदनशील कार्यवाही से मशहूर हो रहे हैं। IAS डॉ आर राजेश कुमार जहाँ एक तरह शराब माफियों पर सख्त हैं , वहीँ अवैध खनन पर कड़ी कार्यवाही कर उत्तराखंड सरकार की साख को मज़बूत बना रहे हैं। अब इसी जन हित के मुद्दों में जुड़ गया है डीएम दून का बाल मज़दूरी करने वाले मासूम बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें शिक्षा और सुरक्षा से जोड़ने की कोशिश, ये तो किसी से नहीं छिपा है कि देहरादून की रेड लाइट चौक और सार्वजनिक स्थानों पर बीते कुछ महीनों में बाल मज़दूरों , भिक्षुकों की संख्या बढ़ी है। लगातार इस तरह की तस्वीरें आप सड़कों चौराहों पर भी देखते होंगे। ये देवभूमि के लिए बेहद शर्मनाक तस्वीरें होती हैं। पर्यटन प्रदेश होने की वजह से यहाँ बड़ी संख्या में टूरिस्ट भी आते हैं ऐसे में धामी सरकार की छवि को भी कहीं न कहीं नुक्सान होता है। अब इसी बिगड़ती इमेज को सुधार कर बाल मज़दूरी करने और करवाने वालों पर डीएम देहरादून डॉ आर राजेश कुमार बेहद सख्त हो गए हैं। तभी तो उन्होंने देहरादून की सड़कों पर अधिकारीयों की पूरी की पूरी फौज उतार दी है ताकि जनपद में फ़ैल रहे इस बिमारी को समय रहते खत्म किया जा सके

देहरादून के रिस्पना पुल, हरिद्वार रोड, आई०एस०बी०टी० रोड, तहसील चैक, त्यागी रोड़, आदि क्षेत्रों में बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह अभियान के क्रम में जिला बाल श्रम टास्क फोर्स ने रेस्क्यू अभियान चलाया जिसमें से 500 से अधिक प्रतिष्ठानों का संघन सर्वेक्षण / निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कुल 31 बाल एवं किशोर श्रमिक ऑटोमोबिल वर्कशॉप, होटल ढाबें, कुडा-बीनने वाले आदि कार्य करते हुए चिन्हित किये गये। जिला बाल कल्याण समिति द्वारा रेस्क्यू किये गये बच्चों के बयान दर्ज किये गये। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिक्षा विभाग की टीम द्वारा उन बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास कराये जाने हेतु उनसे डिटेल लिये गये। डी०टी०एफ० टीम द्वारा 09 बाल श्रमिकों के नियोजकों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

अभियान में टीम का नेतृत्व के० के० गुप्ता, सहायक श्रम आयुक्त, ऋषिकेश द्वारा किया गया, टीम में पिंकी टम्टा श्रम प्रवर्तन अधिकारी देहरादून, बृजमोहन श्रम प्रवर्तन अधिकारी देहरादून, हेमन्त खण्डूरी एस० ओ० पुलिस विभाग व एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून धर्मलाल समाज कल्याण विभाग देहरादून सुरेश उनियाल बचपन बचाओ आन्दोलन देहरादून, जसवीर रावत चाईल्ड चाईन देहरादून, मानसी समन्वयक समर्पण संस्था देहरादून, सम्पूर्णा भट्ट प्रोटेक्शन ऑफिसर, जिला प्रोबेशन कार्यालय देहरादून,



रश्मि बिष्ट, प्रोटेक्शन ऑफिसर, जिला प्रोबेशन कार्यालय देहरादून, अखिलेश मिश्रा जिला प्रोबेशन कार्यालय देहरादून, शमीना सिद्दीकी पराविधिक कार्यकर्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून, जहांगीर आलम पराविधिक कार्यकता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, निधि कुकरेती समन्वयक, रेलवे चाईल्ड लाईन मौजूद रहे। नोडल ऑफिसर उमेश राय ने कहा कि चिन्हित सेवायोजकों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी तथा बाल श्रम रेस्क्यू की गतिविधियां आगे भी जारी रहेंगी।वहीँ बाल मज़दूरी करने पर मज़बूर बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए किये जा रहे इस अभियान पर डीएम देहरादून डॉ आर राजेश कुमार कहते हैं कि धामी सरकार और जिला प्रशासन की प्रार्थमिकता है कि पर्यटन प्रदेश की ब्रांडिंग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अतिथि देवो भवः के तर्ज़ पर हो ऐसे में बाल शर्म और भिक्षावृत्ति जैसे अभिशाप को देवभूमि से समाप्त करना हमारा सामाजिक दायित्व भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस अभियान से सैकड़ों मासूम बच्चों का भविष्य सुधरेगा और उन्हें एक नयी दिशा मिलेगी।

# बर्फबारी ने हेमकुंड साहिब की यात्रा पर लगाया ब्रेक, गोविंदघाट और घांघरिया में रोके गए साढ़े सात हजार तीर्थयात्री

न्यूज वायरस नेटवर्क

हेमकुंड साहिब में जमकर बर्फबारी होने के चलते यहां यात्रा पर ब्रेक लग गया है। दो दिनों से यहां मौसम खराब होने के चलते ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी होने से हेमकुंड साहिब में एक फिट से अधिक बर्फ गिर चुकी है। प्रदेश में बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए पर्यटन विभाग ने तीर्थयात्री-पर्यटकों से पहले ही सतर्क रहने की अपील की है।

बदरीनाथ धाम की चोटियों पर भी बर्फबारी का सिलसिला जारी है। सोमवार को मौसम का मिजाज बदला तो हेमकुंड साहिब में जमकर बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण यहां साढ़े सात हजार तीर्थयात्रियों को रोक दिया है। गोविंदघाट व घांघरिया में साढे. सात हजार तीर्थयात्री को रोका गया है।

गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह का कहना है कि जैसे ही बर्फबारी रुकेगी यात्रा फिर से संचालित होगी। चमोली एसपी श्वेता चौबे ने भी कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए हेमकुंड की ओर जाने वालों को मौसम साफ होने तक घांघरिया और गोविंदघाट पर रोक दिया गया है।

प्रदेश में बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए



पर्यटन विभाग ने तीर्थयात्री-पर्यटकों से सतर्क रहने की अपील की है। कहा है कि उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) में बने कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1364 या मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से मौसम व मार्गों की पूर्ण जानकारी लेने और पंजीकरण कराने के बाद ही उत्तराखंड आएं।

मौसम विभाग ने चारधाम समेत अनेक जिलों में बारिश या भारी बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। इसके साथ ही भारी बारिश के आसार वाले जिलों में हल्का भूस्खलन, चट्टान गिरने, सड़कें बंद होने, नदी-नालों में पानी बढ़ने आदि की चेतावनी जारी की है।

इसी के चलते पर्यटन विभाग ने तीर्थयात्री-पर्यटकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। यह भी कहा गया है कि यात्रा पर आ रहे तीर्थयात्री ऊनी कपड़े, छाता, रेनकोट, वाटरप्रूफ ट्रेकिंग शूज, चलने के लिए छड़ी, टोपी, दस्ताने आदि अपने साथ रखें।

# चमोली-गोपेश्वर नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पासवान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सीएम



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को गोपेश्वर में चमोली-गोपेश्वर नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पासवान के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को जीत की बधाई देते हुए नगर पालिका के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी हिमांशी खुराना ने नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जिले की सबसे बडी नगर पालिका चमोली-गोपेश्वर को एक आदर्श नगर पालिका बनाने के लिए मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य किए जाएंगे ताकि नगर क्षेत्र में पार्किंग, भूस्खलन, बरसाती नालों एवं अन्य समस्याओं का सुनियोजित तरीके से समाधान हो सके। उन्हें आश्वस्त किया कि नगर क्षेत्र के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के साथ विकल्प रहित संकल्प के साथ निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। राज्य सरकार ने वृद्वावस्था, दिव्यांग सहित तमाम सामाजिक पेंशन को 1200 से बढ़ाकर 1500 करने का फैसला किया हैं। यही नहीं पहले एक परिवार में एक ही बुजुर्ग को पेंशन का लाभ दिया जाता था, लेकिन अब परिवार के दोनों बुजुर्ग दंपतियों को इसका लाभ दिया जा रहा है। पर्यावरण मित्रों के लिए 500 रु प्रतिदिन मानदेय का प्रावधान किया गया है। राज्य में 185 हजार अंत्योदय परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर मुक्त देने का फैसला लिया गया है। सभी विभागों को अगले 10 वर्षो के विकास कार्यो का रोडमैप तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के नागरिकों के हित में जल्द ही एक समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत देश की सेवा करने वाले उत्तराखंड प्रदेश के अग्निवीरों को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में रोजगार देने का प्रावधान किया जाएगा।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश का बहुमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश के चारधाम यात्रा मार्ग का निर्माण किया गया है। केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम को मास्टर प्लान के तहत दिव्य और भव्य स्वरूप देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल मात्र 44 दिनों में ही 23 लाख से अधिक यात्री चारधाम की यात्रा कर चुके है। दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने पर यह दूरी मात्र दो घंटे की हो जाएगी। उसके बाद और अधिक संख्या में तीर्थ यात्रा चार धाम पहुँचेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और यात्रा को व्यवस्थित बनाने लिए सभी प्रयास किए जा रहे है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रैणी आपदा में बेघर हुई वृद्धा सोनी देवी को ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्युट की ओर से बनाए गए नए घर की चाबी सौंपी। जोशीमठ क्षेत्र के रैणी गांव में फरवरी 2021 की आपदा में सोनी देवी का घर जमींदोज हो गया था। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्युट के चेयरमैन डा. कमल घनशाला ने सोनी देवी के लिए आसपास सुरक्षित इलाके में घर बनाने का निर्णय लिया था। सोनी देवी को मेरग गांव में नया घर बनवाया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हें नए घर की चाभी सौंपी। नया घर मिलने पर सोनी देवी ने मुख्यमंत्री एवं ग्राफिक एरा ग्रुप का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राफिक एरा के महानिदेशक डॉ. संजय जसोदा एवं निदेशक(इंफ्रा) डॉ.सुभाष गुप्ता भी मौजूद थे। इस दौरान नीती माणा की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को पारम्परिक भोजपत्र की माला भेंट कर उनका अभिवादन किया।

गोपेश्वर-चमोली नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पासवान ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं साफ बनाने तथा नगर की सेवा के लिए वे अपना पूर्ण योगदान करेंगी।कार्यक्रम के पश्चात लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जिले के पत्रकारों ने प्रदेश सरकार की आरे से पत्रकार कल्याण कोष के अधीन दी जाने वाली पत्रकार पेंशन की धनराशि 5000 से बढ़ाकर 8000 करने की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

# भारत बंद के एलान के बीच उत्तराखंड में अलर्ट, रेलवे स्टेशन पर चप्पे-चप्पे पर आरपीएफ के जवान तैनात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



अग्निपथ भर्ती योजना के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आज 20 जून सोमवार को भारत बंद के एलान के चलते उत्तराखंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को रुड़की नारसन क्षेत्र में युवाओं के अग्निपथ के विरोध में प्रदर्शन को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। नारसन चौकी से लेकर मंगलौर गुड़ मंडी पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। वहीं, पुलिस ने नारसन क्षेत्र के कई गांवों में फ्लैग मार्च निकालकर प्रदर्शन न करने की चेतावनी दी। पुलिस की सख्ती के बाद युवाओं ने कोई प्रदर्शन और बैठक नहीं की।

अग्निपथ भर्ती योजना के खिलाफ टनकपुर में युवाओं का प्रदर्शन जारी है। वहीं योजना के विरोध में आज 20 जून को चंपावत में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन की पुलिस ने इजाजत नहीं दी है। उधर, अग्निपथ योजना को लेकर देशभर में रेलवे स्टेशनों पर हो आंदोलन और आगजनी की घटना को देखते हुए योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर चप्पे-चप्पे पर आरपीएफ (रेलवे पुलिस फोर्स) और जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) के जवानों को तैनात कर दिया गया है। स्टेशन पर हाई अलर्ट जारी कर अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है।

रुड़की में मंडल सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि थानाध्यक्षों को अलर्ट कर दिया गया है। रुड़की रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। रेलवे लाइनों एवं ट्रैक पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रेलवे पुलों पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि नारसन कस्बे और कई गांवों में सुरक्षा की दृष्टि से फ्लैग मार्च निकाला गया है। युवाओं से अपील की जा रही है कि वह प्रदर्शन न करें। इस दौरान नारसन चौकी प्रभारी बृजपाल सिंह, एसआई दिनेश पंवार, जगत सिंह, भास्कर, सोभन, शुभम आदि मौजूद रहे।

प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ ऋषिकेश अनिल कुमार ने बताया कि योगनगरी रेलवे स्टेशन और ऋषिकेश रेलवे स्टेशन के अंदर प्लेटफार्म और बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर आने जाने वाले युवाओं पर नजर रखी जा रही है। सभी जवानों को अलर्ट पर रखा गया है।

# इस दिन शुरू होगी कांवड़ यात्रा उत्तराखंड सरकार करेगी कांवड़ियों का खास स्वागत





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

14 जुलाई से शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा के लिए इस बार उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सरकार खासा तैयारियों में जुटी हुई है। वेस्ट यूपी के साथ साथ इस बार उत्तराखंड में भी कांवड़ियों का जोरदार स्वागत करने की तैयारी हो रही है। कोविड के चलते इस बार कांवड़ यात्रा में जबरदस्त भीड़ जुटने की उम्मीद लगाई जा रही है। जिसे देखते हुए इस बार दोनों सरकारों ने कांवड़ियों का स्वागत जोरदार तरीके से करने का ऐलान किया है। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बीते दिनों कहा था कि कोविड महामारी के कारण दो साल से कांवड़ यात्रा बाधित रही। ऐसे में इस बार कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

**दो साल बाद हो रही यात्रा, उत्साह की उम्मीद :** सावन मास में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को तैयारियां करनी होती है। जिसके लिए दोनों सरकारों ने तैयारियां तेज कर दी है। इस बार कांवड़ियों को हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने की तैयारी है। कोविड के कारण 2 साल तक यात्रा नहीं हो पाई। ऐसे में इस बार यात्रा में जबरदस्त उत्साह नजर आने की संभावना है। जिसको लेकर सरकार की ओर से तैयारियां शुरू हो गई है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जल्द ही कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है। इसके लिए सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन को भी कांवड़ यात्रा को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भावना व्यक्त की है कि कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। महाराज ने कहा कि कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे कोविड के अनुरूप व्यवहार का पालन करें।

**कांवड़ यात्रा क्या है :** हर साल श्रावण मास में लाखों की संख्या में कांवड़िए सुदूर स्थानों से आकर गंगा जल से भरी कांवड़ लेकर पदयात्रा करके अपने गांव वापस लौटते हैं इस यात्रा को कांवड़ यात्रा बोला जाता है। श्रावण की चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने निवास के आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है। यह यात्रा शिव भक्तों के लिए सबसे खास मानी जाती है। सावन मास भोले भगवान का सबसे खास महीना माना जाता है।

इस पूरे माह में महादेव की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। हिंदू धर्म की मान्यता है कि यदि कोई जातक सावन महीने में प्रत्येक सोमवार को पूरी श्रद्धा के साथ व्रत रखता है, तो उसे भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त होता है और भक्तों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। हर साल श्रद्धालु भोले को खुश करने के लिए कांवड़ यात्रा निकालते हैं।

# दो नई रिसर्च : पैदल चलने से घुटनों के दर्द में बहुत राहत, बिल्ली से भी वायरस के संक्रमण का खतरा

**मेहविश फिरोज**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



एक नए अध्ययन के अनुसार ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित लोगों के घुटनों का दर्द पैदल चलने से कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस से प्रभावित 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के एक हजार से अधिक लोगों का सर्वे किया था।कुछ लोगों को शुरुआत में लगातार दर्द था जबकि अन्य लोगों को कभी-कभार दर्द होता था। चार साल बाद उन लोगों की स्थिति देखी गई उन्हें लगातार दर्द नहीं रहता था और जो पैदल चलने की एक्सरसाइज करते थे। इन लोगों को नियमित रूप से दर्द नहीं होता था। उनके घुटनों में नुकसान कम पाया गया। स्टडी का निष्कर्ष है कि चलने वाले लोगों को घुटनों के दर्द में फायदा है।जो लोग नियमित नहीं चलते थे, उनका दर्द बढ़ गया। स्टडी की प्रमुख बेलोर मेडिसिन कॉलेज, ह्यूस्टन की डॉ. ग्रेस सियाओ वी लो कहती हैं, ऐसे दर्द में दवाइयों की ज्यादा डोज से किडनी में गड़बड़ी और अल्सर हो सकता है। लेकिन, ऑस्टियोआर्थराइटिस में एक्सरसाइज बेहतर है। रिसर्च बताती है कि हिप्स, हाथों और पैरों के जोड़ों की ऑस्टियोआर्थराइटिस को एक्सरसाइज से नियंत्रित कर सकते हैं।



**बिल्ली से मनुष्य में कोरोना संक्रमण**

एक नई स्टडी का निष्कर्ष है कि पिछले साल कोरोना वायरस से संक्रमित एक पालतू बिल्ली से थाईलैंड में एक पशु चिकित्सक के संक्रमित होने की आशंका है। यह बिल्ली से मनुष्य में कोरोना संक्रमण फैलने का पहला मामला है। हालांकि, विशेषज्ञ जोर देते हैं, कुल मिलाकर बिल्लियों से मानवों के संक्रमित होने का खतरा बहुत कम है। थाईलैंड की प्रिंसेस सोंग की यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा लिखे पेपर के अनुसार बिल्ली के दोनों मालिकों ने बिल्ली में कोविड-19 का संक्रमण फैलाया होगा। इसके बाद बिल्ली ने पशु चिकित्सक के मुंह पर छींक दिया था।जीनोम जांच से पुष्टि हुई कि बिल्ली और अन्य तीन लोगों में वायरस का एक जैसा वेरिएंट पाया गया। वैज्ञानिकों का कहना है, बिल्लियों के मनुष्य में संक्रमण फैलाने की बजाय मनुष्यों से स्वयं संक्रमित होने की संभावना अधिक है।

# सचिवालय कूच करने पहुंचे युवाओं को बैरिकेडिंग लगाकर रोका, रुड़की में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अग्निपथ योजना को लेकर उत्तराखंड में देहरादून, हरिद्वार, चमोली और हल्द्वानी में युवाओं और कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। राजधानी में अग्निपथ योजना के विरोध में बड़ी संख्या में युवा परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। यहां से रैली की शक्ल में उन्होंने सचिवालय कूच किया। यहां पहले से मौजूद पुलिस फ़ोर्स ने उन्हें इनकम टैक्स तिराहे के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

सोमवार को अग्निपथ योजना के विरोध में सचिवालय कूच करने जा रहे युवाओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोका तो वह यही धरने पर बैठ गए। युवाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए कहा कि योजना लागू कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

आक्रोशित युवाओं ने सरकार से तत्काल योजना को वापस लेने की मांग की। वहीं हरिद्वार में भी अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन किए गए। सिटी मजिस्ट्रेट ऑफिस के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ वाम मोर्चा ने प्रदर्शन किया।वहीं रुड़की में अग्निपथ को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला।

वाम मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा सेना में संविदा के तहत सैनिकों की चार साल के लिए भर्ती लाई गई है। कहा कि इस अग्निपथ योजना का विरोध देशव्यापी हो चुका है। छात्रों-नौजवानों का गुस्सा तोड़फोड़ आगजनी के रूप में सामने आ रहा है।

# संपादकीय

## रिजर्व बैंक की चेतावनी


आये दिन ऐसी खबरें आती हैं कि बैंक एजेंट समय पर किस्त न चुका पाने वाले लोगों को लगातार फोन करते हैं, धमकियां देते हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ऐसे व्यवहार को किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है. उन्होंने बैंकों को कहा है कि वे कर्ज वसूली के लिए निर्धारित नियमों के तहत ही किस्त न देनेवाले लोगों पर कार्रवाई करें. कुछ साल पहले तक बैंक एजेंट लोगों के घरों पर आ धमकते थे और रास्ते में गाड़ियां रोक लेते थे. कई बार तो घरों में ताला लगाने या गाड़ी उठाकर ले जाने के मामले भी सामने आये थे. अभद्रता तो आम चलन ही बन गया था. ऐसा करते हुए न तो ग्राहकों को कोई पूर्व सूचना दी जाती थी और न ही उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता था. फोन बिल के बकाया होने के मामलों में भी ऐसी घटनाएं होती थीं. तब सर्वोच्च न्यायालय और कुछ उच्च न्यायालयों को बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और फोन कंपनियों को फटकार लगानी पड़ी थी. उसके बाद ऐसे उत्पीड़न तो बंद हो गये हैं, लेकिन फोन द्वारा लोगों को परेशान करने का सिलसिला बढ़ गया है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि बैंकों को अपना कर्ज वापस लेने का अधिकार है, पर इसके लिए एक प्रक्रिया निर्धारित है. अधिक ब्याज और आर्थिक दंड लगाने के बाद भी अगर ग्राहक चुकौती में आनाकानी करता है या असमर्थ होता है, तब उसे कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी जाती है. इसके बाद न्यायालय के संज्ञान में मामला लाया जाता है. फोन पर धमकी देना और अभद्रता करना आपराधिक कृत्य हैं. नीतियों के सरलीकरण तथा तकनीक के विस्तार के साथ जहां बैंकों व अन्य संस्थाओं से कर्ज लेना आसान हुआ है, वहीं अलग तरह की जटिलताएं भी बढ़ी हैं. वसूली सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा एजेंट नियुक्त किये जाते हैं, जो किसी भी तरह किस्त हासिल करने पर आमादा होते हैं ताकि उन्हें अधिक कमीशन मिल सके. चूंकि बैंकों को वसूली से मतलब होता है, सो वे एजेंटों की करतूतों पर ध्यान नहीं देते या उन्हें अनदेखा कर देते हैं. कुछ समय से कर्ज देनेवाले वेबसाइटों और मोबाइल एप की बाढ़ सी आ गयी है. गली-गली में कर्ज बांटने की दुकानें खुली हुई हैं. महामारी के दौर में बहुत से लोगों के रोजगार और आमदनी पर असर पड़ा है. ऐसे लोग इन एप या आसपास के दुकानों से पैसे उठा लेते हैं और फंस जाते हैं. एक बार पैसा ले लेने के बाद मनमाने दर पर ब्याज वसूली शुरू हो जाती है और किस्त न देने पर धमकियां दी जाती हैं. इस संबंध में कई शिकायतें पुलिस के पास हैं और कार्रवाई भी हो रही है. आशा है कि रिजर्व बैंक की चेतावनी के बाद कर्ज देने वालों के व्यवहार में सुधार आयेगा.

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 16 की उम्र में भी लड़की कर सकती है शादी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने माना है कि 16 वर्ष से अधिक उम्र की मुस्लिम लड़की अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ विवाह करने के लिए सक्षम है। जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की पीठ ने एक मुस्लिम दंपति द्वारा सुरक्षा की मांग को लेकर दायर याचिका का निपटारा करते हुए आदेश पारित किया। याचिका में एक 21 वर्षीय व्यक्ति और एक 16 वर्षीय लड़की ने अपने जीवन की सुरक्षा और परिवार के सदस्यों से स्वतंत्रता के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि मुस्लिमों का विवाह मुस्लिम पर्सनल लॉ के अधीन होता है।

याचिकाकर्ता ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में बताया, ₹मुस्लिम कानून में प्यूबर्टी और बालिग होना एक समान है. और ये भी माना जाता है कि मुस्लिम लड़का और लड़की 15 साल की उम्र में बालिग हो जाते हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, वे दोनों बालिग हो चुके हैं और उन्होंने अपनी पसंद से शादी कर ली है। इसलिए उन्हें स्वतंत्र होकर जीने का हक है। किसी का उनपर कोई हक़ नहीं याचिका दायर करने वाले दंपत्ति ने इस्लामिक तरीके से 8 जून 2022 को शादी की थी। शादी के बाद परिवार वालों की तरफ से उन्हें कथित तौर पर धमकियां मिलने लगीं। वहीं दंपत्ति ने याचिका में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले की शिकायत SSP पठानकोट से की थी, लेकिन अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।वहीं कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा, ₹कानून साफ है कि एक मुस्लिम लड़की की शादी मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत आती है। सर दिनशाह फरदुनजी मुल्ला की किताब 'मुस्लिम कानून के सिद्धांत' के अनुच्छेद 195 के अनुसार, 16 साल से अधिक उम्र की होने के कारण याचिकाकर्ता नंबर 2 (लड़की) अपनी पसंद के शख्स के साथ शादी का समझौता करने के योग्य है।कोर्ट ने आगे कहा, ₹याचिकाकर्ता नंबर 1 (लड़का) की उम्र 21 वर्ष से अधिक है. ऐसे में, मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत दोनों याचिकाकर्ताओं की शादी की उम्र हो चुकी है।₹ इसके अलावा कोर्ट ने SSP पठानकोट को जोड़े की सुरक्षा के आदेश देते हुए कहा कि सिर्फ इसलिए कि लड़की अपने परिवार वालों के खिलाफ जाकर शादी कर रही है तो उसे भारतीय संविधान से मौलिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है।

# विमान हादसाः पूरे देश में हो रही कैप्टन मोनिका खन्ना की तारीफ, बचाई 191 लोगों की जान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





बिहार की राजधानी पटना में रविवार को स्पाइसजेट के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराकर चालक दल समेत 191 लोगों की जान बचाने पर कैप्टन मोनिका खन्ना की देशभर में वाहवाही हो रही है। उन्हें शाबाशी दी जा रही है। दरअसल एक पक्षी के टकराने के बाद विमान के एक इंजन में आग लग गई थी। मोनिका खन्ना ने सूझबूझ का परिचय देकर बड़ा हादसा टाल दिया।

स्पाइसजेट की पायलट मोनिका खन्ना फ्लाइट एसजी 723 की पायलट इन कमांड (पीआईसी) थीं। पक्षी के टकराने के बाद आग लगने पर उन्होंने तुरंत संबंधित इंजन बंद कर दिया था। इसके बाद बगैर किसी हड़ बड़ी के दिल्ली के लिए रवाना हो चुके विमान को पुनः पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया था। विमान में 185 यात्री, दो पायलट व सह पायलट तथा चालक दल के अन्य सदस्य सवार थे। विमान ने हादसे के कुछ देर पहले ही पटना से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। इतनी बड़ी घटना होने पर भी न चालक दल में और न यात्रियों के बीच किसी तरह घबराहट फैली। किसी को खरोंच तक नहीं आई। दोनों पायलट ने पूरी तरह धीरज बरतते हुए विमान को एक इंजन से रनवे पर उतारने में कामयाबी हासिल की। विमान के एयरपोर्ट पर उतरने के बाद के लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो में एक इंजन से चिंगारी निकलती नजर आ रही थी। चूंकि एयरपोर्ट अथॉरिटी को आपात लैंडिंग की सूचना दी गई थी, इसलिए दमकलें व एंबुलेंस आदि वहां तैनात कर दी गई थीं। आग पर तुरंत काबू पा लिया गया।

# बिजली गिरने से बुरी तरह झुलसे चरवाहा को कुर्सी के सहारे लाए, कई बकरियां भी मरीं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



गोपेश्वर। रुद्रनाथ ट्रेक पर बिजली गिरने से कई बकरियां मर गईं जबकि एक चरवाहा बुरी तरह झुलस गया। घटना रविवार शाम की है लेकिन मोबाइल में नेटवर्क न होने के कारण चरवाहा सोमवार सुबह घटना की जानकारी परिजनों को दे पाया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीण और परिजन चरवाहे को कुर्सी व डंडों के सहारे कंधे पर सगर गांव लाए, यहां से उसे जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में भर्ती कराया गया।

इन दिनों चरवाहे अपनी भेड़-बकरियों को चराने उच्च हिमालय क्षेत्रों में पहुंचे हैं। रविवार को मंडल घाटी के ग्वाड़ गांव का शिव सिंह बिष्ट अपनी भेड़-बकरियों के साथ इन दिनों पनार बुग्याल के समीप बग्वा बुग्याल में था। शाम करीब पांच बजे वह पानी लेने जलस्रोत पर गया था कि इसी दौरान बारिश के साथ बिजली गिरी और शिव सिंह बुरी तरह झुलस गया।

ये भी पढ़ें...Agnipath : योजना के विरोध में आगजनी की घटनाओं पर बोले बाबा रामदेव, देश फूंक कर नहीं कर सकते देशसेवा

वह अकेला होने के कारण जैसे-तैसे अपने टेंट तक पहुंचा। मोबाइल फोन पर नेटवर्क न होने के कारण व रातभर दर्द से परेशान रहा। सोमवार सुबह करीब छह बजे मोबाइल पर नेटवर्क आया तो उसने अपने परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद ग्वाड़ गांव के युवा बग्वा बुग्याल पहुंचे। उन्होंने शिव सिंह को कुर्सी पर डंडे लगाकर कंधे पर सगर गांव पहुंचाया और यहां से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुग्यालों में काफी संख्या में बकरियां भी मरी हैं।

# राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ, प्रवर्तन निदेशालय ने आज फिर बुलाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नेशलन हेराल्ड केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर ईडी के सामने पेश हुए हैं। करीब 11 बजे से उनसे प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी को तीन बार ईडी पूछताछ के लिए बुला चुकी है।



नेशनल हेराल्ड मामले में चौथे दिन की पूछताछ के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय से रवाना हुए। सूत्रों के मुताबिक एजेंसी ने उन्हें 21 जून को उनके खिलाफ जांच में फिर से शामिल होने के लिए तलब किया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पांचवें दिन यानी 21 जून को जांच में शामिल होने के लिए ईडी ने समन किया है। राहुल पहली बार 13 जून को, राष्ट्रीय राजधानी में एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित ईडी मुख्यालय में पेश हुए थे। तब से वह चार बार एजेंसी के सवालों का जवाब दे चुके हैं। कांग्रेस सांसद से अब तक 38 घंटे की पूछताछ की जा चुकी है।

प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले की जांच में दोबारा शामिल होने के लिए कल यानी 21 जून को फिर से तलब किया है।

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई है। कांग्रेस महासचिव प्रभारी संचार जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धनशोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह लगातार तीन दिन की पूछताछ के बाद सोमवार को फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में पेश हुए। राहुल गांधी सीआरपीएफ जवानों की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा के साथ सुबह 11 बजकर करीब पांच मिनट पर मध्य दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित ईडी मुख्यालय पहुंचे। इसके बाद ईडी कार्यालय से एक घंटे से अधिक के ब्रेक के बाद पूर्व कांग्रेस प्रमुख शाम करीब चार बजकर 45 मिनट पर फिर पूछताछ में शामिल हुए। यहां उनसे पूछताछ जारी है।

पिछले हफ्ते सोमवार, मंगलवार और बुधवार को लगातार तीन दिन ईडी के अधिकारियों ने राहुल गांधी से 30 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

राज्य सभा में प्रतिपक्ष नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारे 7 लोगों का दल राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिला और 2 मुद्दे उठाए। हमने उनको अग्निपथ योजना को लेकर ज्ञापन सौंपा है और दूसरा जो कांग्रेस को डराने-धमकाने और कुचलने की कोशिश का जा रही है उसके ख़िलाफ़ ज्ञापन सौंपा है।

कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ प्रदर्शन करने पर पुलिस द्वारा सांसदों के साथ कथित बदसलूकी और अग्निपथ योजना का मुद्दा उठाया।

हम अग्निपथ भर्ती योजना और सांसदों के खिलाफ पुलिस अत्याचार के मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपने के लिए राष्ट्रपति से मिलने जा रहे हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह जानकारी दी। केंद्र की अग्निपथ भर्ती योजना के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने विजय चौक से राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च किया।

# थम नहीं रहा अग्निपथ योजना का विरोध, आज तीनों सेना प्रमुखों से मुलाकात करेंगे पीएम मोदी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

तीनों सेना प्रमुखों के मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अलग-अलग मुलाकात कर अग्निपथ योजना के साथ-साथ इसके कार्यान्वयन की अपनी योजना के बारे में जानकारी देने की संभावना है। नई सैन्य भर्ती योजना के खिलाफ कई राज्यों में व्यापक विरोध के बीच बैठकों की योजना बनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री को योजना के क्रियान्वयन से अवगत कराएंगे

पता चला है कि तीनों सेना प्रमुख प्रधानमंत्री को योजना के क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएंगे। प्रधानमंत्री और सेना प्रमुखों के बीच बैठकों के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। 14 जून को नए सैन्य भर्ती मॉडल की घोषणा के बाद देश के कई हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

अग्निपथ योजना में साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के बीच के युवाओं को केवल चार वर्ष के लिए भर्ती करने का प्रावधान है, जिसमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों तक बनाए रखने का प्रावधान है। कुछ दिनों बाद सरकार ने 2022 में भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा 23 वर्ष तक बढ़ा दी। नई योजना के तहत भर्ती होने वाले कर्मियों को 'अग्निवर' के रूप में जाना जाएगा।

कई विपक्षी दलों के साथ-साथ सैन्य दिग्गजों ने 75 प्रतिशत रंगरूटों के चार साल के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए इस योजना की आलोचना की है। वहीं, सरकार इस योजना का पुरजोर बचाव करते हुए कह रही है कि सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए परिवर्तनकारी सुधार उपाय युवाओं को राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करेगा।



# घाटी में 24 घंटे के भीतर सात दहशतगर्दों का सफाया, पुलवामा और कुपवाड़ा में चले थे आतंकरोधी अभियान

कश्मीर घाटी में रातभर चली दो मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने और तीन दहशतगर्दों को मार गिराया है। इनमें कुपवाड़ा में लश्कर के पाकिस्तानी समेत और दो आतंकी मारे गए हैं। यहां रविवार को दो पाकिस्तानी दहशतगर्द मारे गए थे। कुपवाड़ा में चार आतंकी मारे गए हैं। वहीं, पुलवामा में एक दहशतगर्द मारा गया।

बीते 24 घंटे में तीन पाकिस्तानी आतंकियों समेत सात दहशतगर्दों को मार गिराने में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है। इससे पहले रविवार को दो आतंकी कुलगाम में मारे गए थे। मारे गए सात आतंकियों में छह लश्कर और एक जैश का था। इस साल अब तक 32 पाकिस्तानी समेत 114 दहशतगर्दों को मार गिराया गया है। आईजी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस ने रविवार को शोपियां निवासी आतंकी शौकत अहमद शेख को गिरफ्तार किया था। उससे की गई पूछताछ से पता चला कि लोलाब इलाके में पाकिस्तानी आतंकी छुपे हैं। सुरक्षा बल उसे साथ लेकर आतंकी ठिकाने पर पहुंचे तो छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया। रातभर घेराबंदी रखी गई और सोमवार को दोबारा शुरू हुई मुठभेड़ में पाकिस्तानी आतंकी और शौकत मारे गए। सभी आतंकी लश्कर के थे। मारे गए पाकिस्तानी आतंकियों की शिनाख्त बांबर खान, अल बख्श व आफताब भाई के रूप में हुई है। कुपवाड़ा में मारे गए आतंकियों से दो एके राइफल, एक एम-4 राइफल तथा तीन ग्रेनेड बरामद किए गए। वहीं, पुलवामा के चटपोरा में रातभर चली मुठभेड़ के बाद सोमवार को लश्कर आतंकी सुहैल अहमद खान निवासी मैदान चौगल हंदवाड़ा को मारने में सफलता मिली। उसके पास से हथियार बरामद किए गए। आईजी ने बताया कि रविवार को कुलगाम में दो आतंकी मारे गए थे। इनमें से एक जाकिर आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के साथ था। अभी यहां और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। इस वजह से तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा में मारा गया आतंकी शौकत शोपियां के शेडो इलाके में निजी वाहन में आईईडी विस्फोट के पीछे का मास्टरमाइंड था जिसमें एक जवान शहीद हो गया था। जांच में पता चला है कि वह आतंकियों को लोलाब से शोपियां लाता और ले जाता था। साथ ही हथियारों की भी सप्लाई करता था।



दैनिक
न्यूज वायरस
न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक : मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002
email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा